

# लोन के बोझ से बचने के लिए पत्नी की बलि चढ़ाने की कोशिश

## पति ने मारपीट कर फिनाइल की गोलियां मिलाकर पत्नी को पिलाई

नवभारत न्यूज

**सतना, 2 जनवरी. आर्थिक लालच और घरेलू हिंसा का एक सनसनीखेज मामला तब सामने आया जब 35 लाख रुपये के बैंक लोन से बचने के लिए एक पति ने अपनी ही पत्नी की हत्या की साजिश रच डाली। आरोप है कि नशे में धुत आरोपी ने फिनायल की गोलियां पीसकर पानी में मिलाईं और जबरन पत्नी को पिला दिया। पीड़िता की शिकायत पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर बीएनएस की धारा 109( 2 ) के तहत मामला दर्ज किया है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बगहा इलाके में रहने वाली पूर्णिमा त्रिपाठी नाम की महिला की गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद पूर्णिमा ने सिविल लाइन थाने में पति अनुराग सोहन त्रिपाठी के खिलाफ शिकायत मारपीट और जान से मारने की कोशिश की शिकायत दर्ज कराई है। पूर्णिमा ने अपनी शिकायत में बताया है कि पति अनुराग सोहन त्रिपाठी ने उसके नाम से रूद्रा इंटरप्राइजेज नाम की फर्म रजिस्टर कराई थी और इसी फर्म के नाम पर एसबीआई बैंक से 35 लाख रुपये का लोन लिया था। लोन की राशि



अनुराग ने उपयोग की और कर्ज उसके नाम पर होता रहा। पीडि़ति पत्नी पूर्णिमा के मुताबिक 28 दिसंबर की रात पति अनुराग शराब पीकर घर आया और उससे मारपीट की। अगले दिन सुबह भी उनके बीच विवाद हुआ और तब भी पति ने उसके साथ मारपीट की और बाथरूम में रखी फिनाइल की गोलियां पीसकर पानी में मिलाकर उसे पिला दीं। पति अनुराग कह रहा था कि तेरे मरने से सब ठीक हो जाएगा और लोन माफ हो जाएगा। फिनाइल की गोलियों वाले पानी के कारण उसे उल्टियां होने लगीं और उसने किसी तरह अपने पिता को फोन कर पूरी बात बताई। परिजन तुरंत घर आए और उसे अस्पताल में भर्ती कराया।

### आरोपी पति गिरफ्तार

1 जनवरी तक अस्पताल में पूर्णिमा का इलाज चला और जब अस्पताल से उसे डिस्चार्ज किया गया तो वो सीधे परिजन के साथ पुलिस थाने पहुंची और पति अनुराग त्रिपाठी पिता सोहन त्रिपाठी मूल निवासी पिंडरा, थाना मझगवां के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पूर्णिमा ने पुलिस को ये भी बताया कि पति शादी के बाद से ही उसे प्रताड़ित कर रहा है। वो पहले भी पति की शिकायत पुलिस में दर्ज करा चुकी है। उसने पति की बर्बरता के सबूत के तौर पर खुद की कुछ तस्वीरें भी पुलिस को दी हैं जिनमें उसके शरीर पर जख्म और खून नजर आ रहा है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पीड़िता का साढ़े तीन साल का एक बेटा भी है।

# श्रद्धालु के बैग से 23 हजार चोरी

## चित्रकूट में गुप्त गोदावरी कुण्ड की घटना

नवभारत न्यूज

**सतना 2 जनवरी. धर्म नगरी चित्रकूट के गुप्त गोदवारी कुण्ड में स्नान कर रहे श्रद्धालु के बैग से 23 हजार रु की चोरी हो गई. श्रद्धालु द्वारा इस संबंध में थाने पहुंचकर शिकायत की गई. जिसके आधार पर पुलिस द्वारा जांच कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुप्त गोदावारी के कुण्ड में स्नान करने के लिए कई श्रद्धालु पहुंच रहे हैं. इसी कड़ी में शुक्रवार को भी खासी संख्या में श्रद्धालु वहां पहुंचे हुए थे. बताया गया कि दर्शन पूजन से पहले कुण्ड में स्नान करने के लिए वहां पहुंचे एक श्रद्धालु ने अपना बैग किनारे रख दिया. जिसके बाद वे स्नान करने के लिए चले गए. कुछ देर बाद ही जब वे स्नान कर वापस लौटे और अपने बैग से कपड़े निकालने का प्रयास



किया तो उनके पैतरों तले जमीन खिसक गई. श्रद्धालु ने बताया कि उनके बैग में 23 हजार रु रखे हुए थे, जो किसी ने चोरी कर लिए. आस पास के लोगों से पूछताछ करने पर जब कोई जानकारी सामने नहीं आई तो श्रद्धालु ने थाने पहुंचकर शिकायत कर दी. बताया गया कि गुप्त गोदावरी कुण्ड में स्नान करने के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के साथ पहले भी कई बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं. लेकिन इसके बावजूद भी सुरक्षा व्यवस्था और उचित निगरानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण चोरों के हौसले बुलेंद बने हुए हैं.

# कोठी पुलिस ने दबोचे आठ जुआरी

नवभारत न्यूज

**सतना 2 जनवरी. जिले के कोठी थाना प्रभारी व प्रशिक्षु डीएसपी आशुतोष त्यागी द्वारा कार्रवाई करते हुए 8 जुआरियों को दबोच लिया गया.**

मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बरहना गांव में दबिश दी. जहां पर 8 जुआरियों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथ दबोच लिया गया. जुआरियों के कब्जे से 4 मोबाइल, 3 मोटरसाइकिल, 11 हजार 900 रु की नकदी और तास के पत्ते जब्त कर लिए गए. जिसे देखते हुए



पकड़े गए जुआरियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई. जुआ खेलते हुए जिन आरोपियों को पकड़ा गया उनमें सुंदरलाल कोल 62 वर्ष, नंदलाल कोल 40 वर्ष, सुरेश सिंह 65 वर्ष, अजय सिंह 42 वर्ष, छोटू कोल 23 वर्ष, अयोध्या प्रसाद सेन 70 वर्ष और उपेंद्र सिंह 58 वर्ष सभी निवासी बरहना कोठी शामिल हैं.

# खोमरहा में बांस की टहनी पर फंदे से लटका मिला शव

▶ प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने शुरू की जांच

नवभारत न्यूज

**सतना,2 जनवरी. मैहर जिले के रामनगर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत खोमरहा में शुक्रवार की सुबह एक व्यक्ति का शव बांस के झुरमुट में फांसी के फंदे पर लटके पाए जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार



मृतक की पहचान खोमरहा निवासी राजबहोर साकेत उर्फ बुल्लू पिता रामावतार साकेत उम्र 35 वर्ष के तौर पर हुई। मृतक के चाचा राजकुमार साकेत को शुक्रवार सुबह लगभग 6 बजे उनके चचेरे भाई सुखलाल साकेत के मोबाइल फोन से इस घटना की सूचना मिली। सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण पहले से ही जमा थे। मौके पर राजबहोर का शव नायलॉन की रस्सी से बांस के पेड़ पर लटका हुआ पाया गया। घटना की सूचना मिलने पर थाना रामनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू की। बताया गया कि मृतक शराब पीने का आदी था। हालांकि, उसने फांसी क्यों लगाई, इस संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आ पाई।

### पुलिस की जांच जारी

रामनगर थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी ने मर्ग कायम कर लिया है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल, पुलिस आत्महत्या और अन्य संभावित कारणों, दोनों पहलुओं से मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# मामूली विवाद में पिता पुत्र व बेटी पर कुल्हाड़ी से हमला

▶ जिला अस्पताल में भर्ती तीनों घायलों का उपचार जारी

नवभारत न्यूज

**सतना, 2 जनवरी. जिले के चित्रकूट थाना क्षेत्र के नयागांव में शुक्रवार को एक मामूली विवाद के चलते पिता, पुत्र और बेटी सहित तीन लोगों पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया। इस हमले में लल्लू साहू, उनके बेटे रमेश साहू और बेटी आशा साहू गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर उनका उपचार जारी है।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना उस समय हुई जब लल्लू साहू के परिवार की एक महिला किसी काम से जा रही थी। इस दौरान उसने कथित तौर पर आरोपी घासिल प्रजापति से कुछ कह दिया। यह बात आरोपी को नागवार गुजरी और वह आपा खो बैठा। आरोप है कि घासिल प्रजापति ने गुस्से में आकर कुल्हाड़ी उठाई और लल्लू साहू के घर पहुंचकर हमला कर दिया। स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया हमले में घायल हुए लल्लू साहू, रमेश साहू और आशा साहू को परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से पहले नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र और फिर जिला अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने बताया कि घायलों की स्थिति फिलहाल स्थिर है, हालांकि कुछ को गहरी चोटें आई हैं।

### आरोपी की तलाश जारी

घटना की सूचना मिलने पर चित्रकूट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने पीडि़त पक्ष की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी घासिल प्रजापति की तलाश शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में आपसी विवाद को हमले की वजह बताया जा रहा है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

# जेल जाने पर शिक्षक का हुआ निलंबन

## अटरा के खूनी संघर्ष में गए जेल

नवभारत न्यूज

**सतना, 2 जनवरी. हत्या के आरोप में 48 घंटे से अधिक समय जेल में बंद होने के कारण प्राथमिक शिक्षक रामदुलारे सिंह को निलंबित कर दिया गया।**

उचेहरा विकासखंड के कोलगढ़ी संकुल में आने वाले विद्यालय नई बस्ती अटरा के प्राथमिक शिक्षक रामदुलारे सिंह को निलंबित कर दिया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने रामदुलारे के खिलाफ नागौद थाना में दर्ज एफआईआर के आधार पर और जेल में 48 घंटे से बंद होने की दशा में निलंबित कर दिया है। इनके लिए भी रामपुर बाघेलान का बीईओ कार्यालय नियत किया गया है। उल्लेखनीय है कि नागौद थाना क्षेत्र के ग्राम अटरा में 26 दिसंबर 2025 की रात पुरानी रंजिश खूनी संघर्ष में बदल गई। आग ताप रहे द्वारिका प्रसाद पटेल पर 11 लोगों के समूह ने लाठी, रॉड, हथौड़ा और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। गंभीर हालत में उन्हें सतना जिला अस्पताल लाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। बीच-बचाव में बीरेंद्र, नत्थू सिंह और राहुल सिंह सहित कई ग्रामीण घायल हुए। पुलिस ने हत्या की धाराओं में केस दर्ज कर 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा।



# सतना में पहली बार विंध्य कराते महोत्सव का होने जा रहा आयोजन

नवभारत न्यूज

**सतना, 2 जनवरी. अपने जिले में कराते मार्शल आर्ट के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचने जा रहा है, की ऑफ लाइफ अकैडमी के तत्वाधान में पहली बार विंध्य कराले महोत्सव का आयोजन तीन और चार जनवरी 2026 को बैंकटेश मंदिर लोक सतना में होने जा रहा है. यह आयोजन विध्य क्षेत्र के स्तर पर अब तक का सबसे बड़ा कराते टूर्नामेंट माना जा रहा है.**

%की ऑफ लाइफ अकैडमी% के डायरेक्टर एवं सतना करने के सिहान भरत गुप्ता जी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस टूर्नामेंट में किसी भी आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं प्रतियोगिता में पटक जीतने वाले खिलाड़ी सीधे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किए जाएंगे जिससे खिलाडियों को आगे बढ़ते रहने का सशक्त मंच मिलेगा।इस आयोजन में सतना, रीवा, अमरपाटन, पन्ना, दमोह, सीधी, सिंगरौली सहित अन्य शहरों से बड़ी संख्या में लगभग 250 खिलाड़ी अपना दम दिखाएंगे टूर्नामेट में कुल चार प्रमुख इवेंट्स जिनमें व्यक्तिगत काता स्पधी, ओपन काता स्पर्धा, व्यक्तिगत कुमिते स्पर्धा एवं ओपन कुमिते स्पर्धा के इवेंट्स होंगे। सभी इवेंट्स के विजेता खिलाड़ियों को पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे प्रतियोगिता का विशेष आकर्षण यह रहेगा की उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों में बेस्ट प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट, नया उभरता खिलाड़ी, तथा ओपन स्पर्धा में विजेता खिलाड़ी को टूर्नामेंट की विशेष ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा । इस बार आयोजन की खास बात यह भी है कि पूरे टूर्नामेंट को तकनीक से जोड़ते हुए सभी स्पर्धाओं को लाइव प्रदर्शित किया जाएगा इस आयोजन में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों के पंजीकरण को आसान बनाने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण तकनीक को भी लाया गया है।

### श्रीरामपथ गमन न्यास विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**सतना, 2 जनवरी.** म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं कलेक्टर सतना से प्राप्त निर्देशानुक्रम में श्रीरामपथ गमन न्यास द्वारा प्राचार्य डॉ. एस.सी. राय के संरक्षण में एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. राजेन्द्र द्विवेदी के मार्गदर्शन में रंगोली, चित्रकला एवं कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व प्राचार्य डॉ. शिवेश प्रताप सिंह श्रीरामपथ गमन पर अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि राम का वन गमन ही राम को मर्यादा पुरूषोत्तम राम बनाया कार्यक्रम के संयोजन डॉ. राजेन्द्र द्विवेदी रामवन गमन पथ की प्रसंगिता पर प्रकाश डालते हुये इसकी सांस्कृतिक एवं लोकमंगल की दृष्टि के रेखांकित किया।

# बच्चों की तालीम में कोताही कौम को पीछे कर देती है : शेरू खान

नवभारत न्यूज

**सतना , 2 जनवरी. के.जी.एन. स्कूल के एनुअल प्रोग्राम के मौके पर समाजसेवी शेरू खान ने अपने असरदार और दिल को छू लेने वाले ख़िताब में तालीम, तरबियत और दीनी जिम्मेदारियों पर खास ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को इल्म हासिल कराना हम सब पर फ़र्ज़ है, चाहे इसके लिए हमें खुद भूखा ही क्यों न रहना पड़े।**

शेरू खान ने कहा कि आज हम जो जिंदगी जी रहे हैं, उससे कहीं बेहतर जिंदगी हमारे बच्चे जिएँ—यह तभी मुमकिन है जब हम उन्हें अच्छी





तालीम, सही तरबियत और मज़बूत अख़लाक़ दें। उन्होंने वालिदैन से अपील की कि बच्चों पर बेवजह सख़्ती करने के बजाय मोहब्बत, सब्र और समझदारी से उनकी रहनुमाई करें, ताकि वे बिना डर के आगे बढ़ सकें। अपने ख़िताब में उन्होंने खास तौर पर बच्चों को नमाज़ का पाबंद बनाने पर ज़ोर देते हुए कहा कि नमाज़ सिर्फ़ इबादत नहीं, बल्कि इंसान की ज़िंदगी को सही राह दिखाने वाला अमल है।

अगर बचपन से ही बच्चों में नमाज़ की आदत डाली जाए, तो वे बुराइयों से दूर रहते हैं और नेक इंसान बनते हैं। उन्होंने कहा कि तालीम के साथ दीनी तर्बियत आज के दौर की सबसे बड़ी ज़रूरत है और यही क़ौम की तरक्क़ी की असली बुनियाद है। शेरू खान के इस पैग़ाम को मौजूद लोगों ने खूब सराहा और इसे समाज के लिए एक अहम नसीहत बताया।

# एकेएस में आयोजित हुआ सद्भावना एवं मेल-मिलाप समारोह

नवभारत न्यूज

**सतना, 2 जनवरी. ए.के.एस. में नव वर्ष के शुभ अवसर पर एक विशेष आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं सामूहिक सद्भावना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन आपसी मेल-मिलाप, सकारात्मक सोच और संस्थान की निरंतर प्रगति के संकल्प का प्रतीक रहा।**

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के विधिवत पूजन के साथ हुआ, जिसमें प्रोङ्चांसलर अनंत कुमार सोनी, श्री जी.सी. मिश्रा सहित सभी डीन, डायरेक्टर, विभाग



प्रमुख एवं समस्त फैकल्टी सदस्यगण की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर नव वर्ष की शुभकामनाएं साझा की गईं तथा शांति, सहयोग और समृद्धि की कामना की गई। पूजन के उपरांत सेंट्रल हॉल में सुमधुर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसकी संगीतमय प्रस्तुति ने संपूर्ण वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा, सौहार्द और सकारात्मकता से भर दिया। यह आयोजन वैश्विक दृष्टिकोण के साथ मानवीय एवं सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का संदेश लेकर आया। कार्यक्रम का संचालन सूर्यनाथ सिंह द्वारा अत्यंत सुसंगठित, प्रभावशाली एवं गरिमापूर्ण ढंग से किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में डीएसडब्लू डॉ महेंद्र कुमार तिवारी, स्पोर्ट्स ऑफिसर सुनील पांडे,कोऑर्डिनेटर सीमा द्विवेदी, शीलेंद्र उपाध्याय एवं शंखधर मिश्रा का योगदान सराहनीय रहा। इसके पश्चात खेल प्रांगण में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनका उद्देश्य आपसी सौहार्द, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना रहा।

## एक नजर में





### विनोद को मिला पं . चिंतामणि मिश्र स्मृति पत्रकारिता सम्मान

**सतना।** शब्द शिल्पी परिवार ने शब्द शिल्पी शीर्ष सम्मान 2025 में पं . चिंतामणि मिश्र स्मृति पत्रकारिता सम्मान के लिए मुझे चयनित कर सम्मानित किया ।इस सम्मान के लिए शब्द शिल्पी परिवार और उसके कर्ता वर्मा अनिल अयान जी और स्व .चिंतामणि मिश्रा जी के पुत्र संजय मिश्रा का बहुत बहुत आभार। स्व .चिंतामणि मिश्रा जी मेरे संपादक, गुरु के साथ ही सतना में मेरे अभिभावक भी थे उनको एक बार पुन : शत शत नमन।





### वृद्ध आश्रम के रहवासियों को जैकेट वितरित

**सतना।** परिवर्तन विचार मंच के द्वारा गोद लिए गए दुर्गा वृद्ध आश्रम सरभंगा में 1 जनवरी 2026 को वहां पर वृद्धजनों के सर्दी से बचने के लिए 35 जैकेट का वितरण किया गया। जैकट रेलवे के पूर्व एरिया ऑफिसर आलोक चतुर्वेदी द्वारा प्रदान किया गया।उन्होंने पूर्व में भी आश्रम को गद्दौ की सेवा प्रदान की थी। हम उनके अजीवन आभारी हैं। वृद्ध आश्रम में परिवर्तन विचार मंच के अध्यक्ष संजय बंसल, आरबी सिंह उपाध्यक्ष, रविंद्र दीक्षित, महेश तिवारी एवं सचिव अरुण भारतीय उपस्थित रहे। वृद्ध आश्रम की संत विमला जी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। जिनके द्वारा यह दुर्गा आश्रम एवं गौशाला का वर्षों से संचालन किया जा रहा है।

### विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक आयोजित

**सतना,** म .प्र . विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन सतना की मासिक बैठक श्रम कल्याम केन्द्र प्रेमनगर में एमजी सक्सेना संरक्षक के मुख्य अतिथि एवं सुनील गुप्ता शहर अध्यक्ष मप्र . इंटक सतना की अध्यक्षता में आयोजित हुई . बैठक में दिसम्बर 25 में सेवानिवृत्त हुए भूपत पटेल एवं संतोष वर्मा को सम्मानित किया गया . बैठक में पेंशनरों की समस्याओं से रूबरू होते हुए नव वर्ष में एक दूसरे को शुभकामनाएं दी गई . केक काटकर नववर्ष मनाया गया . साथ ही संरक्षक द्वारा उपस्थित सभी पेंशनरों को गिफ्ट दिया गया . इस अवसर पर समाज सेवी श्रीमती सोनिख जायसवाल विशेष रूप से उपस्थित रही कार्यक्रम का सफल संचालन एनएस राजपूत संयोजक द्वारा किया गया . इस अवसर पर अध्यक्ष हरीश श्रीवास्तव बीपी पटेल सलीम खान पवन खरे बाईएस पटेल अनिल सक्सेना दीपक स्मिथ एके अग्रवाल एसके निगम चंन्द्रशेखर सोनी एसके खरे एसए मंसूरी, शंकरप्रसाद मिश्रा आदि उपस्थित रहे .

# देहदान एवं नेत्रदान से मानवता की सबसे बड़ी सेवा : सिद्धार्थ

नवभारत न्यूज

**सतना, 2 जनवरी. देहदान से बढ़कर कोई दूसरा दान नहीं है। यह ऐसा महादान है, जिससे चिकित्सा शिक्षा, शोध और मानव सेवा को नई दिशा मिलती है। यह बात सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा डब्बू भइया ने कही। विधायक श्री सिद्धार्थ द बुद्धाज भूमि द्वारा गुरूवार को आयोजित सर्वोच्च दान -देहदान-नेत्रदान समारोह को संबोधित कर रहे थे।**

उन्होंने कहा कि देहदान करने वाले लोग मृत्यु के बाद भी समाज के



लिए जीवित रहते हैं।विधायक श्री सिद्धार्थ ने कहा कि चिकित्सा महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को सही और व्यावहारिक ज्ञान देहदान के माध्यम से ही प्राप्त होता है, जिससे भविष्य में बेहतर डॉक्टर और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो पाती हैं। उन्होंने समाज से इस पुण्य कार्य के लिए आगे आने और पुरानी परंपराओं और भ्रांतियों को दूर करने की अपील की । मेडिकल कालेज के ?ीन डा. एसपी गर्ग ने कहा कि मेडिकल के छात्र-छात्राओं को मानव शरीर की संरचना और कार्य प्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर मिलता है। पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस नेत्री डा0 रश्मि सिंह ने कहा कि देहदान से डाक्टरों और वैज्ञानिकों को मानव शरीर को बेहतर ढंग से समझने और नई चिकित्सा पद्धतियां विकसित करने में मदद मिलती है।जिला अस्पताल में पदस्थ नेत्र चिकित्सक डा0 पुष्पराज सिंह ने कहा कि यदि आप मरणोपरांत अपनी आंख देने का संकल्प लेते हैं तो आपकी आंखें किसी नेत्रहीन के जीने का सहारा बन सकती है।एकेएस यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर अजय सोनी ने कहा कि देहदान से भविष्य के डाक्टरों को बेहतर प्रशिक्षण मिलता है।